# मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट गतिशक्ति को यूपी देगा धार

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** केंद्र व यूपी जल्द एक दूसरे के नए इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के बारे में जान सकेंगे। इसके जरिए राज्य में उद्योग लायक जमीन, नहर, बिजली लाइनें, खनन क्षेत्र, पर्यटन स्थल, जल पाइपलाइन, औद्योगिक पार्क, इकनामिक जोन आदि के बारे में आसानी से जाना समझा जा सकेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धार देंगे। इसीलिए प्रोजेक्ट के तहत अब तक हुए काम पर एक प्रस्तुतीकरण अगले हफ़्ते कैबिनेट के समक्ष किया जाएगा।

इस मास्टर प्लान के तहत राज्य ने विभिन्न मामलों में सर्वे कर लिया है। इस तरह 24 बिंदुओं (लेयर) के मुकाबले 50 लेयर को पीएम गतिशक्ति पोर्टल से लिंक कर दिया गया है। अब यूपी का अपना गतिशक्ति स्टेट मास्टर प्लान पोर्टल तैयार हो रहा है। यह नेशनल पोर्टल से लिंक होगा। इसको जल्द मुख्यमंत्री लांच करेंगे। इससे परियोजनाओं का दोहराव नहीं हो सकेगा। अनावश्यक खर्च भी बचेगा।



"उत्तर प्रदेश में पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान को लेकर काफी अच्छी प्रगति हो गई है। हमने शुरुआती तैयारियों के मामले में 24 के मुकाबले 50 मानकों पर काम कर लिया है।

**अरविंद कुमार**, अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास

**यूपी को मिले 14351 करोड़ रुपये :** कैपिटल इन्वेस्टमेंट स्कीम के तहत केंद्र ने यूपी को 14351 करोड़ रुपये आवंटित कर दिए। यह पैसा 50 साल के लिए ब्याज मुक्त कर्ज के रूप में है। इस पैसे का उपयोग जमीन के दस्तावेज के डिजिटलीकरण, आप्टिकल फाइबर केबिल बिछाने, नगरीय सेवाओं में सुधार व अन्य कामों में होगा।